# गोमिया में नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, भारी मात्रा में सामग्री जब्त



**बेरमो:** बेरमो अनुमंडल के गोमिया थाना क्षेत्र स्थित हजारी मोड़ पर नकली शराब बनाने का गोरखधंधा पकड़ा गया है। गांधीनगर और गोमिया थाना की संयुक्त टीम ने सूरज साव के गोदाम पर छापेमारी कर नकली शराब बनाने में उपयोग की जाने वाली भारी मात्रा में सामग्री जब्त की है। इनमें शराब की खाली बोतलें, ब्रांडेड स्टिकर, ढक्कन और अन्य उपकरण शामिल हैं।

यह कार्रवाई एक बड़ी साजिश का हिस्सा मानी जा रही है, क्योंकि 19 जून को कोलकाता एसटीएफ और झारखंड एटीएस ने भी गांधीनगर थाना क्षेत्र के जारीडीह इलाके से अवैध शराब और हथियार निर्माण सामग्री की बड़ी खेप बरामद की थी। उस मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई थी।

Source: https://22scope.com/fake-liquor-factory-busted-in-gomia-seized-huge-amount-of-material/